an>

title: Need to undertake construction of railway line connecting Bijnore-Hastinapur-Meerut in Uttar Pradesh

कुँवर भारतेन्द्र सिंह (बिजनौर) ः हस्तिनापुर को पुर्नास्थापित करने व वहां पर एक व्यवस्थित नगर की कल्पना भारत सरकार द्वारा चंडीगढ़ के साथ की गई थी। हमारी सरकार ने भी ""महाभारत सर्किल"" से पश्चिम के कुछ मुख्य स्थलों को जोड़कर विकास और पर्यटन को प्रोत्साहन देने की घोषणा की थी।

हिमालय का पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र प्राथमिक सुविधाओं के लिए बिजनौर व मेरठ पर निर्भर है। यही मार्ग राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए मुख्य रास्ता है। भीड़ और अत्यधिक यातायात के कारण इस सड़क पर प्रतिदिन अनेकों गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। क्षेत्रीय जनता मौलिक सुविधाओं और विकास के लिए दिल्ली से केवल 80 कि.मी. दूर होने के बाद भी वंचित है।

अतः इस संपूर्ण क्षेत्र के विकास व हमारी सरकार के वचनानुसार बिजनौर-हस्तिनापुर-मेरठ की रेलवे लाईन का निर्माण शीघ्र करवाया जाये।